समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# यूपी मे झमाझम बरसेगें बादल, 29 जून तक बारिश का दौर जारी रहेगा ; बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी।

Publisher Published on 24 Jun 2025



## मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 40 से अधिक जिलों मे तेज बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया, लोगों को सावधान रहने की सलाह।

**उत्तर प्रदेश, मानसून :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को जहां कई जिलों में **हल्की से मध्यम बारिश** हुई, वहीं मंगलवार यानी **24 जून से मौसम विभाग** ने **भारी बारिश और वज्रपात** को लेकर चेतावनी जारी की है।
**26 जून से 29 जून** तक राज्य में तेज बारिश का दौर चलने की संभावना है। **मौसम विभाग** ने कहा है कि इस दौरान तापमान में मामूली गिरावट तो होगी, लेकिन उमस और गरज-चमक का सिलसिला जारी रहेगा।

**इन जिलों मे भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी :**
अलर्ट वाले ज़िले (16):
**आगरा, फिरोजाबाद, जालौन, झांसी, ललितपुर, बांदा, महोबा, हमीरपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोंडा**
इन ज़िलों में मेघ गर्जन, बिजली गिरने और भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

**इन जिलों मे झमाझम बारिश की संभावना :**
**नोएडा, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर,**

**अंबेडकर नगर, बस्ती**

इन ज़िलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जो पूरे दिन रुक-रुक कर जारी रहेगी।

**तापमान और राहत :**

बारिश की वजह से कई जिलों में अधिकतम तापमान में **2-4 डिग्री की गिरावट** देखी गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। हालांकि, **पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों जैसे नोएडा, गाजियाबाद** में उमस बनी हुई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.